बरेली, रविवार
14 दिसंबर, 2025
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 18+4+4=26

दैनिक जागरण

PAGE NO IV : MIDDLE

# यूपी टीम के खिलाड़ियों ने किया अभ्यास

## कूच बेहार ट्राफी

- यूपी टीम के हेड कोच और मैनेजर ने जताया जीत का भरोसा
- मैच के लिए आज शहर पहुंच सकती पश्चिम बंगाल की टीम



मैदान में पसीना बहा रहे उत्तर प्रदेश क्रिकेट टीम के खिलाड़ी • सौ. आयोजक

जागरण संवाददाता, बरेली: जिले में तीसरी बार 16 से 19 दिसंबर के बीच कूच बेहार ट्राफी अंडर-19 का मैच खेला जाएगा। इस मैच के लिए भोजीपुरा स्थित श्रीराम मूर्ति स्मारक क्रिकेट स्टेडियम में तैयारियां जारी हैं। उत्तर प्रदेश टीम के खिलाड़ी शनिवार सुबह एसआरएमएस स्टेडियम पहुंचे। सभी ने हेड कोच ध्रुव सिंह की निगरानी में जमकर पसीना बहाया।

यूपी टीम के हेड कोच ने बताया कि अभी कूच बेहार ट्राफी में टीम के 19 प्वाइंट्स हैं। बंगाल को हराने के बाद टीम सीधे क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई करेगी, इसीलिए पूरा ध्यान बंगाल के खिलाफ मैच जीतने को लेकर है। टीम के सभी खिलाड़ी अच्छा खेल रहे हैं। कोच ने कहा कि टीम को कंट्रोल में अच्छा खेलना है। फास्ट बालर आयान ने टूर्नामेंट के दौरान अब तक नियंत्रित बालिंग की है और 24 विकेट हासिल किए हैं। भव्य गोयल अच्छी बैटिंग कर रहे हैं। अनमोल नौशरन के बैट से निरंतर रन निकल रहे हैं। भावी शर्मा और कार्तिकेय शर्मा भी अच्छा खेल रहे हैं। सभी खिलाड़ी अच्छी फार्म में हैं और अपने स्कोर को 80 तक पहुंचा रहे हैं। कोशिश होगी कि खिलाड़ी इसे 100 में बदलने की कोशिश करें। ऐसा होने से जीत निश्चित है। यूपी टीम के मैनेजर विनय कुमार ने अभ्यास सत्र को अच्छा बताया और ग्राउंड की तारीफ की। उन्होंने कहा कि अच्छी विकेट पर अभ्यास करने का मौका मिला। अभ्यास सत्र अच्छा रहा। अभी दो दिन और अभ्यास के लिए शेष हैं। खिलाड़ी इसका भरपूर फायदा उठाएंगे।